**भाकृअनुप - केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक 753 006**

**कृषि सलाहकार सेवा**

**मार्च 2026 के प्रथम पखवाड़े की रणनीतियाँ**

**चावल खेती की जाने वाले अधिकांश क्षेत्रों में पीला तना छेदक का अत्यधिक प्रकोप देखा गया है। इसलिए, निम्नलिखित प्रबंधन प्रथाओं को तुरंत अपनाने की सलाह दी जाती है:**

- पीला तना छेदक और पत्ती मोड़क की निगरानी के लिए चावल के खेत में प्रति एकड़ 3 फेरोमोन जाल लगाएं।

  जब भी नर कीट/जाल की संख्या प्रति दिन 3 तक पहुँच जाए, तो निम्नलिखित कीटनाशकों में से किसी एक का छिड़काव या प्रयोग करें:

  अज़ाडिराक्टिन 0.15% नीम बीज गिरी आधारित ईसी फॉर्मूलेशन 800 मिली/एकड़ की दर से छिड़काव करें

  या

  दानेदार कीटनाशक क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 0.4% जीआर 4 किग्रा/एकड़ की दर से छिड़काव करें

  या

  कार्टप हाइड्रोक्लोराइड 4जी 10 किग्रा/एकड़ की दर से 1:1 के अनुपात में रेत के साथ मिलाकर प्रयोग करें

  या

  क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली/एकड़ की दर से छिड़काव करें

  या

  फ्लुबेंडियामाइड 480एससी (39.35% डब्ल्यू/ डब्ल्यू) 20 मिली/एकड़ की दर से200 लीटर पानी में मिलाकर प्रयोग करें

- जहां भी संक्रमण और अंडे का समूह दिखाई दे, किसानों को सलाह दी जाती है कि वे प्रति एकड़ 1 कार्ड (1 सीसी) की दर से ट्राइको कार्ड (ट्राइकोग्रामा जैपोनिकम) का उपयोग करें। साप्ताहिक अंतराल पर ऐसी ही 4 से 5 रिलीज़ की जा सकती हैं।
- किसानों को सलाह दी जाती है कि वे भारी संक्रमण से बचने के लिए नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों का विवेकपूर्ण प्रयोग करें।
- जहां भी संभव हो, पीले तना छेदक के अंडों को इकट्ठा करें और नष्ट कर दें।

- पौधे के निचले हिस्सों पर जमा अंडों को डुबोने के लिए समय-समय पर सिंचाई के पानी का स्तर बढ़ाएं।
- पीले तना छेधक के वयस्क कीटों को पकड़ने के लिए प्रकाश जाल का प्रयोग करें।

**1 रबी चावल**

**रोपी गई फसल के लिए**

- जिन किसानों ने पहले ही रोपाई पूरी कर ली है, रोपाई के 5-8 दिनों के बाद वे दानेदार शाकनाशी बेंसल्फ्यूरॉन-मिथाइल + प्रीटिलाक्लोर 4 किग्रा/ एकड़ की दर से प्रयोग करें। दानेदार शाकनाशी को 4 किलो रेत/एकड़ में मिलाकर समान रूप से छिटकावा विधि से खेत में प्रयोग करें या रोपाई के 3-5 दिनों के बाद  पायराज़ोसल्फ्यूरॉन-एथिल 10 डब्ल्यूपी 80 ग्राम / एकड़ दर से 140 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या रोपाई के 10-15 दिनों बाद या खरपतवार की 2-3 पत्ती अवस्था में बाइस्पिरीबेक-सोडियम 120 मिलीलीटर/एकड़ दर से 140 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।
- बकाने रोग का प्रकोप दिखाई देने पर कार्बेन्डाजिम 50 डब्लयू पी 200 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें और 7-10 दिनों के अंतराल पर दोबारा छिड़काव करें।

**पहले से ही स्थापित प्रतिरोपित धान फसल**

- स्थापित प्रतिरोपित धान के खेत में 35 किग्रा/एकड़ की दर से 20-25 डीएटी (दौजियां निकलने की अवस्था) पर टॉप ड्रेसिंग के रूप में यूरिया डालें।
- यदि खरपतवार नियंत्रण के लिए आविर्भाव-पूर्व/शीघ्र आविर्भाव वाली शाकनाशी प्रयोग नहीं किया गया है तो रोपाई करने के 15-20 दिनों बाद हाथों से निराई करें या चौड़े पत्ते वाले खरपतवार नियंत्रण के लिए आविर्भाव पश्चात शाकनाशी पेनॉक्ससुलम 1.02% + साइहालोफॉप-ब्यूटाइल 5.1% 800 मिली / एकड़ दर से प्रयोग करें।
- पीला तना छेदक की निगरानी लगातार की जानी चाहिए। जब नर कीट/जाल की संख्या 4 या 5 तक पहुंच जाए, अजाडिक्टीन 0.15% नीम के बीज की गिरी आधारित ईसी सूत्रण 800 मिली/एकड़ दर से या दानेदार कीटनाशक क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 4% जीआर 4 किग्रा/एकड़ दर से छिड़काव करें या करटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 10 किग्रा/एकड़ 1: 1 के अनुपात में रेत के साथ मिलाकर या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली/एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर का छिड़काव करें।

- प्रध्वंस संक्रमण दिखाई देने पर, कार्बेन्डाजिम 50 डब्लयू पी 200 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या ट्रायफ्लोक्सिस्ट्रोबिन 25% + टेबूकोनाजोल 50% 80 ग्राम प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या एडिफेनफोस 50 ईसी 200 मिलीलीटर प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।
- भूरे धब्बे की स्थिति में, प्रोपिकोनाज़ोल 25% ईसी 200 मिली / एकड़ की दर से या कार्बेन्डाजिम 12% + मैन्कोज़ेब 63% 500 ग्राम / एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

**2. आर्द्र सीधी बुआई चावल**

- पीला तना छेदक की निगरानी लगातार की जानी चाहिए। जब नर कीट की संख्या प्रत्येक जाल 4 या 5 तक पहुंच जाए, अजाडिक्टीन 0.15% नीम के बीज की गिरी आधारित ईसी सूत्रण 800 मिली/एकड़ दर से या दानेदार कीटनाशक क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 4% जीआर 4 किग्रा/एकड़ दर से छिड़काव करें या करटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 जी 10 किग्रा/एकड़ 1: 1 के अनुपात में रेत के साथ मिलाकर या क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5% एससी 60 मिली/एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर का छिड़काव करें।
- यदि आविर्भाव-पूर्व शाकनाशियों का प्रयोग नहीं किया गया है, खरपतवारों को नियंत्रित करने के लिए बुआई के 5-10 दिन के बाद बाइस्पिरीबेक-सोडियम 120 मिलीलीटर/एकड़ से या खरपतवार की 2-3 पत्ती अवस्था में या

  बुआई करने के 15-20 दिनों बाद पेनोक्सुलाम 1.02% + साइहालोफाप-ब्यूटाइल 5.1% 800 मिली/एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।
- प्रध्वंस संक्रमण दिखाई देने पर, कार्बेन्डाजिम 50 डब्लयू पी 200 ग्राम प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या ट्रायफ्लोक्सिस्ट्रोबिन 25% + टेबूकोनाजोल 50% 80 ग्राम प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें या एडिफेनफोस 50 ईसी 200 मिलीलीटर प्रति एकड़ दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।
- यदि भूरे धब्बे का प्रकोप दिखाई दे तो प्रोपीकोनाजोल 25% ईसी 200 मिली/एकड़ की दर से या कार्बेन्डाजिम 12% + मैंकोजेब 63% 500 ग्राम/एकड़ की दर से 200 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें।